लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 26 June 2023

THE PIONEER PAGE 2

LUMBA receives EoA from AICTE

PNS ■ LUCKNOW

The MBA programme offered by the department of business administration at the University of Lucknow has received an extension of approval (EoA) from AICTE for the academic year 2023-24.

The All-India Council of Technical Education (AICTE), the apex body for technical education in the country, is responsible for regulating and maintaining the quality of technical education.

"The MBA programme, known as LUMBA, has a rich history of over four decades, and its students have achieved success globally. In line with the National Education Policy 2020, the curriculum has been enhanced and updated significantly to incorporate the latest content across various specialisations such as finance, marketing, human Resource Management, and International Business," a university spokesperson stated.

The syllabus has been redesigned to include subjects like analytics, digitalisation, sustainability, and more. The department is actively seeking collaborations with other organisations and institutions to provide students with enhanced opportunities for experiential learning.



Recently, the university signed MoUs with Ashoka University for the 'Behaviour Lab' and with Rediffusion for 'The Bharat Lab'.

These initiatives aim to develop and equip students for the evolving business environment. Prof Sangeeta Sahu, head of the department, stressed on the importance of offering more such experiential learning opportunities to help students thrive and succeed in their chosen field. Moreover, this AICTE approval opens avenues for students and faculty to avail various benefits offered by AICTE schemes.

Meanwhile, DSW Prof Poonam Tandon announced that students from the Law Faculty have once again demonstrated their exceptional capabilities by achieving remarkable success in the assistant prosecution officer exam. Among the 69 available positions, 10 were secured by current and former students of the Law Faculty. Notable successful candidates include Shubham Dikshit, Kamal Kant Tiwari, Neeraj Yadav, Pallavi Bharti, Brijesh Kumar Patel, Mohammad Junaid, Ananya Verma, Abhishek Kumar Yadav, Shivam Kumar, and Jagriti. This accomplishment further enhances the reputation of the Law Faculty.

Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai congratulated the students on their achievement. He stressed on the university's commitment to fostering an environment that promotes academic excellence and prepares students for competitive examinations. Prof Rai wished the successful candidates continued success in their future endeavors and encouraged them to serve society with their legal expertise.

Furthermore, Prof BD Singh, Dean of the Faculty of Law, expressed pride and happiness over the students' success. He commended the dedicated efforts of the faculty members in imparting quality education and thanked them for their commitment towards shaping the future of the students. Prof Singh said that the Law Faculty of LU consistently maintains its excellence and remains one of the premier institutions in the country.

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू ने जारी किया सत्र 2023-24 का शैक्षणिक कैलेंडर, नए सत्र के प्रवेश अभी जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र की कक्षाएं पहली अगस्त से चलेंगी

दाखिले की दौड़

31 जुलाई तक एलयू और संबद्ध कॉलेजों को पूरी करनी होगी प्रवेश प्रक्रिया

04 जुलाई तक छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं

दूसरा सेमेस्टर दो जनवरी 2024 से

दूसरे सेमेस्टर का शिक्षण कार्य दो जनवरी 2024 से शुरू होगा और 30 अप्रैल तक शिक्षण कार्य पूरा करना होगा। वहीं दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा एक मई से 31 मई तक होंगी और 20 जुलाई को परिणाम जारी किए जाएंगे। वहीं पूर्व सत्र से अध्ययन करने वाले छात्रों की विषम सेमेस्टर की परीक्षा एक अगस्त 2023, शिक्षण कार्य 30 व प्रयोगात्मक परीक्षा 30 नवम्बर, परिणाम 20 फरवरी 2024 में आएंगे।

जरूरी होने पर ही शिक्षकों को मिलेगी लंबी छुट्टी

सत्र नियमित होने तक शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों को बहुत आवश्यक होने पर दीर्घावकाश (मातृत्व अवकाश छोड़कर) स्वीकृत किए जाएंगे। शोक सभाएं विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, संस्थानों में केवल कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों के निधन पर अपराह्न चार बजे होगी। चार बजे तक कक्षाएं यथावत चलेंगी।

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 के स्नातक और परास्नातक का शैक्षणिक कैलेण्डर रविवार को कुलसचिव ने जारी किया। विश्वविद्यालय को सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी करनी होगी और एक अगस्त से प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए अभी प्रवेश जारी है। चार जुलाई तक आवेदन किया जाना है। पिछले सत्र में प्रवेश प्रक्रिया में देरी होने की वजह से शिक्षण कार्य में देरी हुई थी। जारी शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेश छात्रों की पढ़ाई एक अगस्त से शुरू होगी और 30 नवम्बर तक शिक्षण कार्य पूर्ण करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षा भी 30 नवम्बर तक पूरी करनी होगी। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा एक से 30 दिसम्बर तक करानी होगी। परिणाम 20 फरवरी तक आएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालन ने शैक्षणि कैलेण्डर जारी करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। एलयू कुलसचिव के जारी आदेश में कहा गया है कि आंतरिक मूल्यांकन के लिए संकायध्यक्षों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों को अपने स्तर से बनाना होगी। इसके साथ ही छात्रों को उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी एवं ऑनलाइन माध्यमों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में सचांलित पाठ्यक्रमों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अनिवार्य रूप से संचालित करायी जाएंगी ताकि अपरिहार्य परिस्थितियों में छात्रों की प्रोन्नति समय से संभव हो सके।

परीक्षा में असहयोग का निर्णय वापस

लखनऊ। लुआक्टा कार्यकारिणी की रविवार को हुई ऑनलाइन बैठक में परीक्षा में असहयोग का निर्णय वापस लेने पर सहमति जताई गई। तय किया गया कि लगभग सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं हो चुकी हैं। छात्र-छात्राओं को कहीं अन्यंत्र प्रवेश लेने को देखते हुए परीक्षा असहयोग का निर्णय वापस लेना उचित रहेगा। अध्यक्ष डा. मनोज पाण्डेय ने बताया कि संगठन ने कुछ महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा को लेकर सर्वे कराया था। सामान्य निष्कर्ष निकला कि विद्यार्थियों पढ़ने का और समय मिलना चाहिए। लुआक्टा अध्यक्ष डा. मनोज पाण्डेय ने बताया कि छात्रों की एक सेमेस्टर की परीक्षा आठ माह में एवं दूसरे में तीन माह पढ़ने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। संगठन के दबाव के कारण विश्वविद्यालय ने एकाडमिक कलेंडर जारी किया है। वहीं 21 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रखेगा।

NBT PAGE 4

रेमन लुल यूनिवर्सिटी के साथ ड्यूल डिग्री प्रोग्राम की तैयारी में LU

स्पेन के शीर्ष विवि से एमओयू को लेकर बनी सहमति, मिलेंगी दो डिग्रियां

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : वार्सिलोना में स्पेन के शीर्ष विवि में से एक रेमन लुल यूनिवर्सिटी के साथ एलयू अव ड्यूल डिग्री प्रोग्राम शुरू करने की तैयारी में है। इसे लेकर जल्द ही दोनों विवि एमओयू साइन करेंगे। इससे दोनों ही यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को फायदा होगा और उन्हें दोनों विवि की डिग्री मिलेगी।

एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने वताया कि शैक्षिक गतिविधियों को साक्षा करने के लिए रेमन लुल यूनिवर्सिटी लगातार संपर्क में थी। शुरुआती चरण में व्यापार प्रशासन और इंजिनियरिंग प्रोग्राम के लिए ड्यूल डिग्री की सहमति बनी है। इसके लिए दोनों ही विवि के शिक्षकों ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा भी की है। एलयू ने अपने स्तर से ड्यूल डिग्री के लिए एमओयू तैयार कर लिया है। जल्द ही दोनों ही विवि एमओयू साइन करेंगे।

दूसरे वर्ष में एक्सचेंज होंगे स्टूडेंट

एलयू की डीएसडब्ल्यू प्रो.पूनम टंडन ने वताया कि प्रस्तावित समझौते के तहत एलयू में व्यापार प्रशासन में पहले साल की पढ़ाई पूरी करने वाले स्टूडेंट्स को वार्सिलोना स्थित स्पेन की आईक्यूएस, रेमन लुल यूनिवर्सिटी जाकर पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। जहां वे अपने मास्टर्स कार्यक्रम का दूसरा वर्ष पूरा करेंगे। दूसरे वर्ष में पास होने के बाद स्टूडेंट्स को एलयू और रेमन लुल यूनिवर्सिटी दोनों से दोहरी मास्टर्स डिग्री प्राप्त होगी। इसी तरह रेमन लुल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स दूसरे वर्ष में एलयू अपना मास्टर्स पूरा करने आएंगे। इंजिनियरिंग प्रोग्राम में स्टूडेंट्स किस वर्ष में एलयू से रेमन लुल यूनिवर्सिटी जाएंगे और वहां से आएंगे, यह अभी तय होना है।

फीस और कोर्स पर निर्णय बाकी

डीएसडब्ल्यू ने वताया कि ड्यूल डिग्री प्रोग्राम में फीस स्ट्रक्चर को लेकर दोनों ही विवि आपस में तय करके निर्णय लेंगे। हालांकि ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। फीस और पाठ्यक्रम पर अंतिम निर्णय विद्या परिषद में होगा। इसके बाद इसे कार्य परिषद से पास कराया जाएगा। ड्यूल डिग्री प्रोग्राम से स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छे पैकेज पर और प्रतिष्ठित कंपनियों में होगा।

नए सत्र का एकेडमिक कैलेंडर तैयार

■एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने एनईपी-2020 के तहत सत्र पटरी पर लाने के लिए 2023-24 का एकेडमिक कैलेंडर तैयार कर लिया है। एकेडमिक कैलेंडर में 31 जुलाई तक 2023-24 की प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है जबकि पढ़ाई एक अगस्त से प्रस्तावित है। वहीं प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूरा करने की डेट 30 नवंबर तय की गई है जबकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी 30 नवंबर को पूरी की जानी हैं और परीक्षाएं एक से 30 दिसंबर तक कराई जाएंगी। वहीं परीक्षा परिणाम 20 फरवरी तक घोषित किए जाने की योजना है। इसके अलावा द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई 2 जनवरी 2024 से शुरू हो जाएगी। 30 अप्रैल 2024 तक कोर्स पूरा करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षा भी 30 अप्रैल 2024 को ही पूरी कर ली जाएंगी। जबकि परीक्षाएं एक मई से 31 मई 2024 तक कराई जाएंगी। परीक्षा परिणाम 20 जुलाई आएंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि के साथ ही स्पेन के विवि की डिग्री पाने का मौका

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यापार प्रशासन के विद्यार्थियों को लविवि के साथ ही स्पेन की रैमन लल आईक्यूएस यूनिवर्सिटी बार्सिलोना की दोहरी डिग्री पाने का मौका मिल सकता है। इसके लिए दोनों विवि आपसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इस प्रस्ताव के तहत लविवि से प्रथम वर्ष की परीक्षा पास करने के बाद स्टूडेंट्स का अगले साल की पढ़ाई के लिए स्पेन जाना होगा। वहां से पढ़ाई करने के बाद स्टूडेंट्स ड्यूल डिग्री मिलेगी।

लविवि और विदेशी विवि के बीच इस प्रस्ताव के तहत रविवार को ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्पेन की आईक्यूएस यूनिवर्सिटी रैमन लल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कार्लोस मोसलारेस ने लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ व्यापक चर्चा की और व्यापार प्रशासन में डुअल डिग्री प्रोग्राम कार्यक्रम की संभावनाओं पर बात की। लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि मैनेजमेंट के साथ ही उन्होंने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ भी सहयोग की इच्छा व्यक्त की है। इस दोहरी डिग्री के बाद स्टूडेंट्स को अपने मास्टर्स को पूरा करने के बाद नौकरी की तलाश के लिए एक अतिरिक्त वर्ष के लिए वीजा बढ़ाने का मौका भी मिलेगा। स्पेनिश शिक्षकों ने दिसंबर में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा किए जा रहे 8-9 दिसंबर की अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए उत्सुकता व्यक्त की है।

रैमन लल आईक्यूएस यूनिवर्सिटी बार्सिलोना, स्पेन के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय करेगा एमओयू

लविवि में एक अगस्त से शुरू होगी पढ़ाई

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र में देरी की वजह से नया सत्र भी प्रभावित होने जा रहा है। विवि में शैक्षणिक सत्र 2023-24 की पढ़ाई इस बार 16 जुलाई के बजाय एक अगस्त से शुरू होगी। विवि प्रशासन ने प्रवेश, परीक्षा और रिजल्ट जारी करने के लिए अपना प्रस्तावित शैक्षणिक कैलेंडर रविवार को जारी कर दिया।

परीक्षा में देरी के चलते शैक्षणिक कैलेंडर में बदलाव

कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से जारी पत्र के अनुसार पहले सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ ही बाकी की कक्षाएं भी एक अगस्त से चलेंगी। कैलेंडर के अनुसार 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। 30 नवंबर तक विषम सेमेस्टर का सिलेबस पूरा कर लिया जाएगा। दिसंबर के महीने परीक्षा आयोजित होंगी। सभी रिजल्ट घोषित करने की अंतिम तारीख 20 फरवरी तय की गई है। सम सेमेस्टर की पढ़ाई दो जनवरी से शुरू होकर 30 अप्रैल तक संपन्न होगी। एक मई से 31 मई के बीच सम सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी तथा 20 जुलाई तक सभी के परीक्षा परिणाम घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

रैंक समारोह आयोजित

लखनऊ। 63 यूपी बटालियन एनसीसी के लखनऊ विश्वविद्यालय, सीनियर डिवीजन की ओर से रविवार को सत्र 2023-24 के लिए रैंक समारोह का आयोजन किया गया। कर्नल हर्ष कुमार झा ने कैडेट्स को रैंक प्रदान की। इसके तहत सीनियर अंडर ऑफिसर सौरव पांडेय, अंडर ऑफिसर ऋषभ पांडेय, अंडर ऑफिसर आदर्श मिश्रा, अंडर ऑफिसर अनुज कुमार चौहान, सीक्यूएमएस अक्षय मौर्या, सीएसएम प्रशांत पांडेय के साथ ही अन्य कैडेट्स को सर्जेंट, कॉरपोरल एवं लांस कॉरपोरल की रैंक दी गई। इस मौके पर बटालियन में सूबेदार मेजर अरविंद कुमार के साथ ही बाकी स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन मेजर राजेश शुक्ला ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 3

लखनऊ यूनिवर्सिटी में अब रिसर्च करेंगे हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के स्कॉलर

विजिटिंग स्कॉलर शोध करने की दी गई मंजूरी

एलयू की बढ़ रही साख

डीन अकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि बीते वर्षों में एलयू ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है. कई एमओयू से एलयू का दायरा भी बढ़ा है. विजिटिंग रिसर्च स्कॉलर का एलयू के साथ जुड़ना बहुत हर्ष की बात है.

LUCKNOW (25 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी में जल्द हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के स्कॉलर शोध करते दिखेंगे. विवि की ओर से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर को बतौर विजिटिंग स्कॉलर शोध करने की अनुमति दी गई है. अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज, दिल्ली की ओर से विवि को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी यूएस के शोधार्थी जो एफ नोवाक को एलयू से एफलिएट करने की अनुमति मांगी गई थी. नोवाक नदवातुल उलेमा एंड मुस्लिम आइडेंटिटी इन लेट 19 सेंचुरी विषय पर शोध कर रहे हैं.

हिस्ट्री डिपार्टमेंट का मिलेगा सहयोग

एलयू के प्रो. आरपी सिंह ने बताया कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटी यूएस के शोधार्थी जो एफ नोवाक हिस्ट्री डिपार्टमेंट के साथ जुड़ेंगे. उनका कहना है कि एलयू ने अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज, दिल्ली के साथ एमओयू किया था. यह अप्लीकेशन हमें सेंटर से अप्लीकेशन मिला था. जिसमें वहां की डायरेक्टर जनरल ने लखनऊ यूनिवर्सिटी ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स को पत्र लिखकर नोवाक को एलयू से एफलिएट करने और उनको फैकल्टी मेंबर बतौर अकेडमिक सुपरवाइजर देने की अपील की थी. नोवाक को बतौर विजिटिंग स्कॉलर शोध की अनुमति दी गई है.

JAGRAN CITY PAGE III

एमबीए व इंजीनियरिंग में डुअल डिग्री की मिलेगी सुविधा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं को डुअल डिग्री की भी सुविधा जल्द मिल सकेगी। इसको लेकर लवि और रैमन लल आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी बार्सिलोन, स्पेन के साथ बातचीत हो गई है। जल्द ही दोनों विश्वविद्यालय के बीच एमओयू किया जाएगा।

हाल ही में लवि व स्पेन की रैमन लल आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी बार्सिलोना के साथ एक विचार विनिमय सत्र का आनलाइन आयोजन किया गया था। दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने शिक्षक प्रस्तुतीकरण के साथ शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा की। इस आनलाइन बैठक के माध्यम से दोनों संस्थानों ने अपनी उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने का निर्णय लिया। बैठक में डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रो. आरपी सिंह, व्यापार प्रशासन विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू, आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी रैमन लल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक डा. कार्लोस मोसलारेस शामिल रहे।

कांफ्रेंस दिसंबर में

व्यापार प्रशासन की ओर से आठ व नौ दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच समझौते को लेकर इसमें विचार-विमर्श होगा।

स्पेन में पूरी कर सकेंगे पढ़ाई : डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रस्तावित समझौते के तहत लवि में पहले साल की पढ़ाई पूरी करने वाले एमबीए के छात्र-छात्राओं को बार्सिलोना जाने का मौका मिलेगा, जहां वे दूसरा वर्ष पूरा करेंगे और दोनों विश्वविद्यालयों से मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा आइक्यूएस में मास्टर्स की पढ़ाई पूरा करने के बाद छात्रों को नौकरी में अवसरों की खोज के लिए एक अतिरिक्त वर्ष के लिए वीजा बढ़ाने का भी मौका मिलेगा।

PIONEER PAGE 2

हायर एजुकेशन को ग्लोबल स्तर पर ले जाने को लेकर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से शैक्षिक उत्कृष्टता के अपने प्रयासों में रैमन लल आईक्यूएस यूनिवर्सिटी बार्सिलोना स्पेन के साथ विचार विनिमय सत्र का आयोजन किया।आईक्यूएस यूनिवर्सिटी स्पेन और लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने अपने अपने शिक्षक प्रतुतिकरण दिए और सामूहिक रूप से शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा की। इस ऑन लाइन बैठक के माध्यम से दोनो संस्थानों ने अपनी उच्च शिक्षा को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने का संकल्प प्रकट किया है। आईक्यूएस बार्सिलोना, स्पेन ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग के अनुसार स्पेन की 59 विश्वविद्यालयों में से 8वें स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा यह स्पेन के विश्वविद्यालयों में रोजगार की दृष्टि से पहले स्थान पर है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

31 जुलाई तक प्रवेश, 1 अगस्त से होगी पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया शैक्षिक सत्र 2023-24 का कैलेंडर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक प्रथम सम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी हो जायेगी और 1 अगस्त से नवप्रवेशित छात्रों की पढ़ाई शुरू हो जायेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर संजय मेधावी ने रविवार को शैक्षिक सत्र 2023-24 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के मुताबिक नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू होगी। इस संबंध में महाविद्यालयों को भी दिशा निर्देश जारी किए गये हैं।

● प्रथम, द्वितीय, विषम और सम सेमेस्टर का तिथिवार जारी हुआ शेड्यूल

कुलसचिव ने बताया कि प्रथम सम सेमेस्टर प्रथम सेमेस्टर में शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि 30 नंवबर निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि भी 30 नंवबर निर्धारित की गई है। वहीं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पूरी हो जायेगी। इसके बाद परिणाम की घोषणा 20 फरवरी 2024 में की जायेगी।

डिजिटल लाइब्रेरी पर होगा फोकस

कुल सचिव ने कहा कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों को छात्रों को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी एवं अन्य ऑनलाइन माध्यमों से अध्यापन करने के लिये विशेष रूप से प्रेरित किया जाये ताकि कम समय में अधिक से अधिक शिक्षण कार्य सम्भव हो सके। इसके साथ ही विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षायें अनिवार्य रूप से संचालित कराई जायेंगी ताकि विषम अपरिहार्य परिस्थितियों में छात्रों की प्रोन्नति समय से सम्भव हो सके। इसके अलावा साथ ही छात्रों की पढ़ाई की हानि न हो इसका ध्यान रखना होगा।

द्वितीय सेमेस्टर का ये है शेड्यूल-कुलसचिव ने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर का शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि 2 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि 30 अप्रैल 24 निर्धारित की गई है। द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें 30 अप्रैल तक पूरी होगी। इसके साथ ही परीक्षायें 1 मई 2024 से लेकर 31 मई तक पूरी हो जायेंगी। इसके बाद परिणाम की घोषणा 20 जुलाई को की जायेगी।

विषम सेमेस्टर का ये है शेड्यूल-शिक्षण कार्य 1 अगस्त से शुरू होगा। शिक्षण कार्य 30 नवंबर को पूरा हो जायेगा। इसी तिथि में प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। इसके बाद सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से 30 दिसंबर तक पूरी होंगी और परिणाम की घोषणा 20 फरवरी 2024 को की जायेगी।

ये है सम सेमेस्टर का शेड्यूल-सम सेमेस्टर का शिक्षण कार्य शुरू होने की तिथि 2 जनवरी 2024 है। जबकि पूर्ण होने की तिथि 30 अप्रैल 2024 निर्धारित है। इसी तरह से सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें भी 30 अप्रैल 2024 तक पूरी होंगी। वहीं परीक्षायें 1 मई से 31 मई तक आयोजित होंगी। परिणाम की घोषणा 20 जुलाई को की जायेगी।

एनसीसी कैडेट्स को मिली रैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को 63 यूपी बटालियन एनसीसी सीनियर डिवीजन की ओर से सत्र 2023-24 के लिए रैंक समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर रैंक होल्डर कैडेट्स को 63वीं एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल हर्ष कुमार झा ने कैडेट को अपने हाथों से रैंक पहनाते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।

एनसीसी कैडेट्स के साथ मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

आयोजन

● लखनऊ विश्वविद्यालय में समारोह का हुआ आयोजन

इस मौके पर बटालियन में सूबेदार मेजर अरविंद कुमार के साथ ही अन्य पीआई स्टाफ उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन करने वाले मेजर राजेश शुक्ला ने बताया कि नव निर्वाचित पदाधिकारी सीनियर अंडर ऑफिसर सौरव पाण्डेय, अंडर ऑफिसर ऋषभ पाण्डेय, अंडर ऑफिसर आदर्श मिश्रा, अंडर ऑफिसर अनुज कुमार चौहान, सीक्यूएमएस अक्षय मौर्या, सीएसएम प्रशांत पाण्डेय को रैंक प्रदान की गई। इस दौरान नव मनोनीत सदस्यों ने पूरी जिम्मेदारी और जोश के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने का संकल्प भी लिया।

HT PAGE 3

LU EYES INT'L COLLABORATION WITH SPAIN'S IQS RAMON LLULL UNIV

LUCKNOW : The University of Lucknow is exploring an international collaboration to start a dual degree program in Business Administration with Barcelona (Spain)-based IQS Ramon Llull University.

Prof. Poonam Tandon, Dean Academics and Dean Students Welfare; Prof RP Singh, Director of International Collaboration and ISA; and Prof Sangeeta Sahu, HoD of Business Administration, represented the University of Lucknow during this online meeting.

Carlos Moslares, manager of International Programs at IQS, University Ramon LLull, expressed interest in exploring a potential dual degree program in Business Administration with the University of Lucknow.

Sharing further details, Prof. Poonam Tandon said, "They also expressed a desire to collaborate with our Faculty of Engineering and Technology. We discussed the possibility of offering a dual master's degree to interested students, considering that official master's degrees in Spain typically span one year, while our master's programs extend over two years." HTC

LOKSATYA PAGE 2

63 यूपी बीएन एनसीसी का रैंक समारोह

कार्यक्रम

● एलयू कैम्पस में हुआ समारोह

लखनऊ, लोकसत्य

63 यूपी बीएन एनसीसी लखनऊ यूनिवर्सिटी का रैंक समारोह हुआ। रविवार कोरैंक होल्डर कैडेट्स को कर्नल हर्ष कुमार झा, सेना मेडल, कमान अधिकारी 63 UP BN NCC, ने स्वयं रैंक पहनाई। बटालियन में सूबेदार मेजर अरविंद कुमार के साथ ही अन्य पी आई स्टाफ भी शामिल थे । संचालन मेजर राजेश शुक्ला ने किया। नव निर्वाचित पदाधिकारी सीनियर अंडर ऑफिसर सौरव पाण्डेय, अंडर ऑफिसर ऋषभ पाण्डेय, अंडर

ऑफिसर आदर्श मिश्रा,अंडर ऑफिसर अनुज कुमार चौहान, सीक्यूएमएस अक्षय मौर्या, सीएसएम प्रशांत पाण्डेय अन्य कुछ कैडेट्स को सर्जेंट, कॉरपोरल एवं लांस कॉरपोरल की रैंक दी गई।

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय में विनिमय सत्र का हुआ आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व रैमन लल आईक्यूएस, यूनिवर्सिटी बार्सिलोना, स्पेन के साथ विचार विनिमय सत्र का आयोजन किया। आईक्यूएस, यूनिवर्सिटी स्पेन और लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने अपने अपने शिक्षक प्रतुतिकरण दिए और सामूहिक रूप से शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा की। इस ऑन लाइन बैठक के माध्यम से दोनो संस्थानों ने अपनी उच्च शिक्षा को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने का संकल्प प्रकट किया है। आईक्यूएस बार्सिलोना स्पेन ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग के अनुसार स्पेन की 59 विश्वविद्यालयों में से 8वें स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा यह स्पेन के विश्वविद्यालयों में रोजगार की दृष्टि से पहले स्थान पर है। इस बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन , प्रो. आरपी सिंह, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, और प्रो. संगीता साहू विभागाध्यक्ष व्यापार प्रशासन विभाग ने भाग लिया। आईक्यूएस यूनिवर्सिटी रैमन लल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कार्लोस मोसलारेस ने लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ व्यापक चर्चा की और व्यापार प्रशासन में डुअल डिग्री प्रोग्राम कार्यक्रम की संभावनाओं के प्रति उत्साह व्यक्त किया। प्रो. पूनम टंडन ने कहा उन्होंने हमारे इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ भी सहयोग की इच्छा व्यक्त की है। हमने शैक्षिक गुणवत्ता एवं सुधार के कई प्रयोजनों पर चर्चा किया। इस प्रस्तावित समझौते के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में पहले साल की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को बार्सिलोना जाने का मौका मिलेगा। जहां वे अपने मास्टर्स कार्यक्रम का दूसरा वर्ष पूरा करेंगे। दूसरे वर्ष के सफल समापन पर, वे दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, अपने मास्टर्स को पूरा करने के बाद, छात्रों को नौकरी में अवसरों की खोज के लिए एक अतिरिक्त वर्ष के लिए वीजा बढ़ाने का मौका मिलेगा। स्पेनिश शिक्षकों ने दिसंबर में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यावसाय प्रशासन विभाग द्वारा यह कार्यक्रम 8-9 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। दोनो संस्थानों के बीच समझौते के साइन करने से पहले दोनों पक्षों के बीच और विचार-विमर्श होगा।

TOI PAGE 2

LU all set to bring session back on track

Plans To Start Classes From August 1

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University is all set to bring back its derailed academic session on track by expediting examination, admission and result declarations so that classes of the newly admitted students for the academic session 2023-24 can begin from August 1.

LU announced its academic calendar on Sunday in which it had set a goal to regularise the session as it was before Covid-19 pandemic.

"We have set a target to wind up our admission process for the academic session 2023-24 by July 31 and begin with our classes of the first semester students from August 1. After teaching for around four months, the University will wind up with a practical examination of first semester students by November end while their examinations are scheduled to be held between December 1 to December 30," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

File Photo

Last year LU's academic session was delayed by around 4 months

"We will ensure that the results of students in the first semesters are declared by February 20, 2024. Meanwhile, we will immediately begin the classes of the second semester on January 2, 2024, soon after the previous semester's examination gets over. The syllabus for the second semester will be completed by April 2024 and practical examinations will be wrapped up in the same month. Thereafter the examination for second semesters will be conducted from May 1 till May 31 the results of which will be declared by July 20," he added.

Last year LU's academic session was delayed by around four months.

JAGRAN CITY PAGE III

31 जुलाई तक प्रवेश, एक अगस्त से पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया नए सत्र 2023-24 का शैक्षणिक कैलेंडर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) प्रणाली के तहत संचालित स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 का प्रस्तावित कैलेंडर रविवार को जारी कर दिया है।

विश्वविद्यालय एवं सभी संबद्ध महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूरी की जाएगी। इसमें प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं एक अगस्त से शुरू होंगी। कुलसचिव संजय मेधावी की ओर से नोटिफिकेशन के अनुसार शैक्षणिक कैलेंडर को आगामी कार्य परिषद की बैठक में भी प्रस्तुत करके मुहर लगाई जाएगी।

मिड टर्म परीक्षाएं अनिवार्य : सतत आंतरिक मूल्यांकन डीन, हेड व कालेजों के प्राचार्य अपने स्तर से कराएंगे। सभी को मिड टर्म परीक्षाएं कराना अनिवार्य होगा, ताकि अपरिहार्य परिस्थितियों में विद्यार्थियों की प्रोन्नति समय से संभव हो सके। सत्र नियमित होने (31 मार्च 2025 तक) तक शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों को बहुत आवश्यक होने पर ही दीर्घावकाश (मातृत्व अवकाश छोड़कर) स्वीकृत किए जाएंगे।

प्रथम सेमेस्टर का कार्यक्रम

● प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की तिथि	31 जुलाई
● नए प्रवेशित विद्यार्थियों की कक्षाएं प्रारंभ	एक अगस्त
● शिक्षण कार्य पूरा करने की तिथि	30 नवंबर
● प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी करने की तिथि	30 नवंबर
● परीक्षाएं	एक से 30 दिसंबर
● परीक्षा परिणाम की अंतिम तिथि	20 फरवरी 2024

द्वितीय सेमेस्टर का कार्यक्रम

● शिक्षण कार्य शुरू करने की तिथि	दो जनवरी
● शिक्षण कार्य पूरा करने की तिथि	30 अप्रैल
● प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि	30 अप्रैल
● परीक्षाएं	एक से 31 मई
● परिणाम जारी होने की अंतिम तिथि	20 जुलाई 2024

विश्वविद्यालय में पूर्व में अध्ययनरत सेमेस्टर प्रणाली के छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण तिथियां

विषम सेमेस्टर

● शिक्षण कार्य प्रारंभ : एक अगस्त
● शिक्षण कार्य पूरा होने की तिथि : 30 नवंबर
● प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि : 30 नवंबर
● परीक्षा : एक से 30 दिसंबर
● परीक्षा परिणाम घोषित होने की अंतिम तिथि : 20 फरवरी 2024

सम सेमेस्टर

● शिक्षण कार्य प्रारंभ होने की तिथि	दो जनवरी 2024
● शिक्षण कार्य पूरा होने की तिथि	30 अप्रैल
● प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि	30 अप्रैल
● परीक्षाएं	एक से 31 मई 2024
● परिणाम घोषित होने की अंतिम तिथि	20 जुलाई 2024

एमबीए व इंजीनियरिंग में डुअल डिग्री की मिलेगी सुविधा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं को डुअल डिग्री की भी सुविधा जल्द मिल सकेगी। इसको लेकर लवि और रैमन लल आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी बार्सिलोना, स्पेन के साथ बातचीत हो गई है। जल्द ही दोनों विश्वविद्यालय के बीच एमओयू किया जाएगा।

हाल ही में लवि व स्पेन की रैमन लल आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी बार्सिलोना के साथ एक विचार विनिमय सत्र का आनलाइन आयोजन किया गया था। दोनों विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने शिक्षक प्रस्तुतीकरण के साथ शिक्षा के उन्नयन पर चर्चा की। इस आनलाइन बैठक के माध्यम से दोनों संस्थानों ने अपनी उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित करने का निर्णय लिया। बैठक में डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्रो. आरपी सिंह, व्यापार प्रशासन विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू, आइक्यूएस, यूनिवर्सिटी रैमन लल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक डा. कार्लोस मोसलारेस शामिल रहे।

कांफ्रेंस दिसंबर में

व्यापार प्रशासन की ओर से आठ व नौ दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच समझौते को लेकर इसमें विचार-विमर्श होगा।

स्पेन में पूरी कर सकेंगे पढ़ाई : डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रस्तावित समझौते के तहत लवि में पहले साल की पढ़ाई पूरी करने वाले एमबीए के छात्र-छात्राओं को बार्सिलोना जाने का मौका मिलेगा, जहां वे दूसरा वर्ष पूरा करेंगे और दोनों विश्वविद्यालयों से मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा आइक्यूएस में मास्टर्स की पढ़ाई पूरा करने के बाद छात्रों को नौकरी में अवसरों की खोज के लिए एक अतिरिक्त वर्ष के लिए वीजा बढ़ाने का भी मौका मिलेगा।